अमर कालोनी, नांगलोई में नागरिक सुविधाएं

2629. **श्री शमीम हाशमी :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1972 में दिल्ली के नांगलोई क्षेत्र में बसी अमर कालोनी में दिल्ली नगर निगम द्वारा सामान्य नागरिक सुविधायें तथा ईंटों के खड़ंजे, नालियां, मिट्टी की भराई तथा सफाई कार्य आदि अब तक भी नहीं प्रदान की गयी, हैं यद्यपि इस कालोनी का शीघ्र विद्युतीकरण होने जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस कालोनी में ये सुविधायें कब तक प्रदान कर दी जायगी ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि नांगलोई में अमर कालोनी एक अनधिकृत कालोनी है और वर्तमान नीति के अनुसार अनधिकृत कालोनियां को कोई नागरिक सुविधाएं नहीं दी जाती हैं ।

मदन पार्क तथा छुन्नामल पार्क में फ्लैटों के लिए सीवर कनैक्शन की स्वीकृति

2630. **श्री शमीम हाशमी :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम दिल्ली के मदन पार्क तथा छुन्नामल पार्क के ऐसे मकान मालिक और किराएदारों की संख्या कितनी है जिन्होंने विकास तथा सड़क कटाई लागत की अदायगी करके दिल्ली नगर निगम से सीवर कनैक्शन की स्वीकृति प्राप्त कर ली है ; इनमें से प्रत्येक व्यक्ति ने कितनी धनराशि दी है ;

(ख) ऐसे मकान मालिक/किराएदार कौन हैं, जिन्होंने स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवैध रूप से सीवर कनैक्शन प्राप्त किये हैं ;

(ग) नगर निगम ने अवैध सीवर कनैक्शन लेने वाले इन व्यक्तियों से विकास तथा सड़क कटाई लागत के रूप में कितनी धनराशि वसूल करनी थी ;

(घ) इस धनराशि को वसूल करने के लिये नगर निगम ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ङ) यह धनराशि कब तक वसूल किये जाने की संभावना है, ताकि इन कालोनियों में अतिरिक्त नागरिक सुविधायें प्रदान की जा सकें ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर दी जाएगी ।

Grant-in-aid for modernisation of rice mills in Orissa

2631. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) whether Government provide grant-in-aid for the modernisation of rice mills;

(b) if so, the total grant-in-aid given to different States of the rice mills set up in those States in the last three years; year-wise;

(c) whether any such grant-in-aid given to the rice mills in Orissa during the above period; and

(d) if so, the details thereof and the steps taken for the modernisation of those rice mills in Orissa?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Grant-in-aid is provided to only single huller rice mills for modernisation under the Huller Subsidy Scheme.